सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-329
26/07/2018

मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर बालिका गृह मामले की जांच सी0बी0आई को सौंपने का दिया निर्देश

पटना, 26 जुलाई 2018 :– मुजफ्फरपुर बालिका गृह में बहुत ही घृणित घटना घटी है और पुलिस द्वारा मुस्तैदी से इसकी जांच की जा रही है। सरकार निष्पक्ष जांच के लिए प्रतिबद्ध है, किन्तु एक भ्रम का वातावरण बनाया जा रहा है। भ्रम का वातावरण नहीं रहे, इसलिए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और प्रधान सचिव गृह को तत्काल इस सम्पूर्ण मामले को सी0बी0आई0 को सौंपने का निर्देश दिया है।

******